**(समय : ३ घंटा)** **(कुल अंक : १००)**

**सूचना :** १) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** है।

२) **उत्तर पुस्तिका** पर **प्रश्न क्रमांक अवश्य** लिखे।

३) **I.D.O.L. (पत्राचार)** के विद्यार्थी उत्तर पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर **I.D.O.L. (पत्राचार) अवश्य** लिखे।

**प्र. १. निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या किजिए।** **(२७)**

**क)** दीपक बिक सकता है जिसका। अंतर ज्योतिर्मान नहीं है
पर अंगारे को खरीदना। दुनिया में आसान नहीं है
मेरे गीत रहे जीवन भर चाहे कारावास भोगते,
लेकिन मैं गुमराह स्वर्ण को अपनी कलम नहीं बेचूगाँ।

**अथवा**

बेबसी मेरे अधर इतने न खोलो
जो कि अपना मोल बतलाता फिरु मैं,
इस कदर नफरत न बरसाओं नयन से
प्यार को हर गाँव दफनाता फिरुँ मैं;
एक अंगारा गरम मैं ही बचा हूँ;

ख) मैं किसी का नाम नहीं जानता, शील नहीं जानता, पर लगता है, ये जैसे मुझे अनादिकाल से जानते है।

**अथवा**

राम का जीवन साक्षात् करुण रस है वि ईश्वर की तरह अनासक्त तटस्थ और महिमामय है जो मनुष्य की तरह धीर, वीर, गंभीर है स्निग्ध, श्यामल करुण है।

ग) किसी वस्तु का सच्चा आध्यात्म या अनुभव वस्तु में निहित सौंदर्य में होता है। सौंदर्य कभी अपावन नहीं होता। उसका सच्चा बोध हो जाने से श्लील और अश्लील का भेद मन से समाप्त हो जाता है।

**अथवा**

हममें से अनेक अपराधी है। किसी का अपराध सामने आ जाता है, तो बचे हुए अपराधी न्यायासन पर बैठकर उसका निर्णय सुना देते है। भीतर ही भीतर हम सब जानते है कि हमारे निरपराध होने का दावा कितना खोखला है।

**प्र. २. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **(३६)**

च) मेरी थकान उतर जाती है में दीन -दुखियों के प्रति कवि की संवेदनशीलता किस तरह प्रकट हुई है ?

**अथवा**

भयभीत उसी लोचन के जल से हूँ कविता का कथ्य स्पष्ट कीजिए।

छ) महादेवी वर्मा के अनुसार 'यर्थाथ और आदर्श' निबंध का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

लेखक निर्मल वर्मा के अनुसार संवाद की मर्यादाएँ स्पष्ट कीजिए।

ज) 'खजुराहों का शिल्पी' नाटक की शिल्प योजना पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

'खजुराहों का शिल्पी' नाटक में मोह और मोक्ष के संघर्ष का चित्रण किस प्रकार हुआ।

**प्र. ३. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखिए।** (१२)

ट) सभाएँ बंद कर कविता के माध्यम से कवि ने देश के लिए कर्मठ बनने का संदेश किस तरह दिया है ?

ठ) श्रद्धा भक्ति निबंध का निहितार्थ स्पष्ट कीजिए।

ड) 'खजुराहों का शिल्पी' की कथावस्तु पर प्रकाश डालिए।

**प्र. ४. टिप्पणियाँ लिखिए।** (१५)

य) एक भी आँसू न कर बेकार का कथ्य।

**अथवा**

उस लहर के हाथ का कंगन बनूगाँ में पीड़ितों का विद्रोह

र) सभ्यता का संकट निबंध का भाव पद

**अथवा**

मेरा राम का मुकुट भीग रहा है निबंध का भाव पक्ष

ल) राजा यशोवर्धन का चरित्र चित्रण।

**अथवा**

राजकुमारी अलका का चरित्र।

**प्र. ५ एक वाक्य में उत्तर लिखिए।**

१) कवि की गागर कब भर जाती है ?
२) कवि को हर ओर बाँह फैलाए कौन खड़ी नजर आती है ?
३) कवि के अनुसार आरती किससे जलेगी ?
४) श्रद्धा में कितने पक्ष होते है ?
५) संस्कृत में 'कुटहारिका' और कुटकारिका को क्या कहते हैं ?
६) वैष्णव के पास क्या इकट्ठा हो गया है ?
७) हेमवती किसकी पुत्री थी ?
८) माधव शिल्पी की तलाश में कहाँ-कहाँ भटकता है ?
९) चन्द्रात्रेय वंश की अधिष्ठात्री कौन थी ?
१०) हेमवती ने राजा से क्या निवेदन किया ?

❖❖❖❖



9F85E57755816F14DC7954CBB569736E